## एक नजर में

### ट्राले की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**धार**. मध्यप्रदेश के धार जिले की धरमपुरी तहसील में कुंदा फाटे पर आज शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. महिला मायके से ससुराल लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्राला काल बनकर आया. पुलिस सूत्रों के अनुसार धामनोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धानी और दूधी के बीच एबी रोड स्थित राजराजेश्वरी मंदिर के सामने सुबह लगभग 9:30 बजे मोटरसाइकिल सवार परिवार को पीछे से आ रहे तेज गति ट्राले ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े.

### साइबर ठगी के 20 आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी**. मध्यप्रदेश की शिवपुरी पुलिस ने अश्लील वीडियो दिखाकर गिरफ्तार करने का डर दिखाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के 20 सदस्यों को गिरफ्तार करके उनके पास से नगद राशि, मोबाइल फोन तथा चार पहिया एवं दो पहिया वाहन एवं अन्य सामान बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने आज दोपहर बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जिले के करेरा एवं पिछोर क्षेत्र के निवासी आरोपी हैं, जो संगठित रूप से साइबर ठगी कर रहे थे. करेरा एसडीओपी आयुष जाखड़ एवं पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा को टीम बनाकर इस कार्य में लगाया गया था.

# प्रोजेक्ट चीता : दुनिया का सफल प्रोजेक्ट

- 28 तक आएंगे बोत्सवना से 8 और चीते : सीएम
- चीता प्रोजेक्ट ने तीन वर्ष पूरे किए



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मप्र में चीता पुनर्स्थापन का प्रोजेक्ट चीता दुनिया विश्व का सबसे सफल प्रोजेक्ट है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे. यह परियोजना प्रकृति से प्रगति का संदेश है.

भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, प्रोजेक्ट चीता, ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं. सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है. नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है. कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हुए प्रयासों ने साकार कर दिया है. भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है.

### ऐतिहासिक शुभारंभ से सशक्त स्थापना :

नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया. दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये. दक्षिण अफ्रीका से आये 12 में से 8 चीते वर्तमान में कूनो अभयारण्य में पूर्णत: स्थापित होकर स्वयं को वर्तमान आवास की परिस्थितियों में ढाल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं. इनमें से 3 चीते गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं.

> दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक वर्तमान में जीवित और स्वस्थ हैं. भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता मुखी 'ने भी 5 शावकों को जन्म दिया है. यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में चीता पुनर्स्थापन परियोजना अब शैशवास्था से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और प्रजनन के चरण में प्रवेश कर युवा हो चुकी है. गामिनी दूसरी बार मां बनी है. उसकी पहली खेप में 3 स्वस्थ सब-एडल्ट शावक हैं और हाल ही में उसने 3 नए शावकों को जन्म दिया है.

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### आखिरकार बदल ही गए

मंत्रालय में एक एसीएस स्तर के अधिकारी लंबे समय से विभाग में जमे थे. विभाग में उनकी इतनी तूती बोलती थी कि उनकी मर्जी के बगैर जैसे पत्ता भी न खड़के. उनके दखल के चलते विभागाध्यक्ष कार्यालय के मुखिया भी स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे, लेकिन पिछले दिनों जो सूची आई, उससे पूरा विभागाध्यक्ष कार्यालय के साथ ही एक बड़े कॉडर ने भी राहत की सांस ली. अब विभाग में ऐसे अफसर आए हैं, जिनको परमसंतोषी माना जाता है. ये साहब बड़े कूल माने जाते हैं. कुल मिलाकर ये कि लंबे समय से जो कॉडर तबादले की कामना कर रहा था, वे साहब आखिरकार बदल ही गए.

### नदारत रहे साहब

विधानसभा में पिछले दिनों एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा चल रही थी, मामला एक बड़े साहब के विभाग से जुड़ा हुआ था, सामान्य तौर पर विभाग से जुड़े किसी विषय पर चर्चा हो, तो विभाग के अफसर मौजूद रहते हैं, लेकिन विभाग के आला अफसर सदन में रहने के बजाय राजधानी से ही बाहर रहने को तवज्जो दी. बताया जा रहा है कि उन्हें राजधानी से बाहर होने वाली चमक-धमक का कार्यक्रम ज्यादा रास आया, ऐसे में उन्होंने मातहतों के भरोसे छोड़कर रवानगी दे दी. उनके नदारत रहने के मामले को माननीयों ने भी नोटिस किया.

### बर्निंग सब्जेक्ट अब हाशिये

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लोगों की मौत का मामला इस बजट सत्र के दौरान विपक्ष के लिए सबसे बर्निंग सब्जेक्ट था, अब इस मामले में जहां कई सदस्यों के सवालों के जवाब आ गए तो वहीं दूसरी तरफ सदन में चर्चा भी हो गई. विपक्ष ने इस मामले में वाकआउट भी कर दिया था, अब ऐसे समय जब सत्र अगले सप्ताह में प्रवेश कर रहा है, ये बर्निंग सब्जेक्ट भी विपक्ष के पास से आउट हो गया है. अब सत्र के बाकी दिनों में इस मामले में ज्यादा गर्माहट सदन में देखने नहीं मिलेगी, ये तय है.

### मंत्रीजी की प्राथमिकता

प्रदेश के कद्दावर मंत्रीजी की प्राथमिकता बदली हुई है. ये साहब फिलहाल अक्सर ही सुर्खियों में बने हुए हैं, तनाव की भी कमी नहीं है. ऐसे में उन्होंने इस तनाव को रिलीज करने का बढ़िया नुस्खा खोज निकाला है. ये साहब भोपाल के बजाय अपने क्षेत्र में अपने घर में रहना ज्यादा पसंद करते हैं, वहां परिवार गुलजार है. देर रात नाती-पोतों के साथ क्रिकेट का लुत्फ उठाते हैं.

# अधिसूचना के एक साल पहले से ही वसूला टोल

## एमपीआरडीसी ने 43 सड़कों पर कमाये 604 करोड़

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 फरवरी. मप्र सड़क विकास निगम ने राज्यपाल की अधिसूचना के 6 माह से एक साल पहले ही नियमों के विपरीत गैर कानूनी टोल वसूलना शुरू कर दिया. ये कोई एक सड़क का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे लगभग आधा दर्जन सड़कों में ऐसा किया गया.**

जानकारी के मुताबिक भोपाल बायपास की अधिसूचना 8 दिसंबर 2020 को जारी हुई वहीं टोल वसूली 12 दिसंबर 2019 से शुरू कर दी गई, वहीं इंदौर- उज्जैन की अधिसूचना 30 दिसंबर 2022 को जारी हुई, वहीं टोल वसूली 21 जनवरी 2022 से शुरू कर दी गई. इसी क्रम में सागर दमोह की अधिसूचना 8 दिसंबर 21 को जारी हुई वहीं टोल वसूली 28 फरवरी 21 से ही शुरू कर दी गई. भिंड-गोपालपुरा रोड के लिए टोल वसूली की अधिसूचना 4 जनवरी 2022 को जारी हुई लेकिन टोल वसूली 19 मार्च 2021 को जारी की गई. इसी तरह गुना-ईसागढ़ की अधिसूचना 10 अक्टूबर 2024 को जारी हुई और टोल वसूली 2 लून 2023 से ही शुरू कर दी गई. महू- घाटाबिल्लोद की अधिसूचना 24 दिसंबर 2021 को जारी हुई और टोल वसूली का सिलसिला 28 फरवरी 2021 से ही शुरू कर दिया गया. इधर बीना-खिमलासा की अधिसूचना 8 दिसंबर 2021 को जारी हुई वहीं वाहनों से टोल वसूली का क्रम 19 मार्च 2021 से शुरू कर दिया गया. मप्र सड़क विकास निगम 43 सड़कों पर पिछले 2 से 3 वर्षों में दिसबंर 2025 तक 1102.15 करोड़ रूपया टोल वसूल चुका है, वहीं रखरखाव व अन्य खर्च पर महज 498.49 करोड रुपए है.

> इसी तरह एमपीआरडीसी द्वारा दिसंबर 2025 तक भोपाल बाईपास पर 284.33 करोड़ , इंदौर- उज्जैन मार्ग पर 130.41 करोड़ , महु-घाटाबिल्लौद पर 122.90 करोड़ तथा सागर दमोह मार्ग पर 95.59 करोड़ , कुल मिलाकर 633.94 करोड़ टोल वसूला गया और रखरखाव पर 200.96 करोड़ रुपए खर्च किए गए. इन 43 सड़कों पर अवैध टोल वसूली से एमपीआरडीसी ने 603.66 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त किया .
>
> इंडियन टोल एक्ट के तहत शासन अपने स्तर पर किसी भी सड़क पर टोल नहीं ले सकता है. सड़क जनता की संपत्ति है , तथा शासन ट्रस्टी है. ट्रस्टी उस संपत्ति से बेजा लाभ नहीं कमा सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने मंदसौर पुलिया के टोल प्रकरण में आदेश दिया कि कोई भी निवेशक, लागत उस पर ब्याज तथा रखरखाव के अतिरिक्त टोल नहीं वसूल कर सकता है.
>
> **प्रताप ग्रेवाल, विधायक कांग्रेस**

### सीएम हेल्पलाइन में 3 बार अव्वल सिंगरौली पुलिस

**सिंगरौली.** सिंगरौली पुलिस ने सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायतों के निराकरण में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. 21 फरवरी को जारी जिलेवार ग्रेडिंग में सिंगरौली जिले ने कुल 91.49 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेडिंग हासिल की. इसी के साथ जिला लगातार तीसरी बार प्रदेश के प्रथम समूह में शीर्ष स्थान पर रहा. यह उपलब्धि पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में संभव हो सकी. जनवरी 2026 में कुल 1205 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 1128 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया.

# प्रदेश में चार दिन तक आंधी-बारिश के आसार

### दक्षिण-पूर्वी जिलों में ज्यादा असर



**भोपाल, 21 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है. प्रदेश के कई हिस्सों में अगले चार दिन तक तेज हवा और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है.**

बीते 24 घंटों में कई जिलों में वर्षा दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर आंधी और ओले भी गिरे. राजधानी भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे और रात में हल्की बूंदाबांदी हुई. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में बारिश के आसार हैं. वहीं इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित अन्य शहरों में बादल छाए रहने की संभावना है.

23 और 24 फरवरी को एक नया मौसमी तंत्र सक्रिय होने से दक्षिण-पूर्वी जिलों में असर ज्यादा दिख सकता है. 23 फरवरी को नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश की संभावना जताई गई है. 24 फरवरी को सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भी बादल बरस सकते हैं.

> पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेगा. लगातार बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है. रतलाम, शाजापुर और उज्जैन समेत कई जिलों में तेज हवाओं से गेहूं की खड़ी फसल झुक गई है. पिछले तीन दिनों में करीब 25 जिलों में फसलों को नुकसान की आशंका है. प्रशासन ने सर्वे शुरू कर दिया है और राजस्व अमला गांव-गांव पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रहा है. फरवरी में यह चौथी बार है जब आंधी-बारिश का दौर देखने को मिल रहा है.

# डिजिटल गिरफ्तारी गिरोह का भंडाफोड़, 20 गिरफ्तार

### 1.07 करोड़ की संपत्ति जब्त

**शिवपुरी.** पुलिस ने साइबर अपराधों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए शिवपुरी में सक्रिय एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस अभियान के तहत 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर 04 एफआईआर दर्ज की गई. साथ ही लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई, जिसमें 29 मोबाइल फोन, 7 चार पहिया वाहन, एक मोटरसाइकिल, 1.20 लाख रुपये नकद, 7 बैंक पासबुक, 16 एटीएम कार्ड और कई सिम कार्ड शामिल हैं. यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर) ए. साई मनोहर के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मैट्रिक्स' के अंतर्गत की गई.

गिरोह महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों को अश्लील चैट में फंसाता था, उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर 'डिजिटल गिरफ्तारी' का डर दिखाकर वसूली करता था. साथ ही क्रेडिट कार्ड फ्रॉड और फर्जी लोन जैसे मामलों का भी खुलासा हुआ है. पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध कॉल या धमकी की तुरंत सूचना देने की अपील की है.

# 7200 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

- लाखों किसानों को मिलेगा लाभ



**भोपाल. मध्यप्रदेश सरकार ने 3 करोड़ रुपये की मिडवासा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है.**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रयासों से शुरू हो रही इस परियोजना से लगभग 7200 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे सुरखी, नरयावली और रहली विधानसभा क्षेत्रों के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा.

परियोजना पूरी होने पर क्षेत्र के अनेक गांवों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने से क्षेत्र में पानी की समस्या में भी कमी आएगी.

# महाकालेश्वर में दो आरती हुई सशुल्क

## कांग्रेस ने व्यवस्था का विरोध कर लगाया आरोप

**उज्जैन, 21 फरवरी. मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में दो आरती पर सशुल्क व्यवस्था लागू करने के बाद सैंकड़ो लोगों ने कतारबद्ध होकर सुगमता से दर्शन किए.**

इसी बीच कांग्रेस ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुये आरोप लगाया कि महाकालेश्वर मंदिर का व्यवसायीकरण किया जा रहा है. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा प्रदान करने एवं भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है. श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए संध्या एवं शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है.

महाकालेश्वर मंदिर में संध्या आरती एवं शयन आरती के लिए 250 रूपए सशुल्क दर्शन की व्यवस्था 20 फरवरी से लागू की गई है. उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने जारी विज्ञप्ति में इस व्यवस्था का कड़ा विरोध किया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मंदिर में दर्शन को आय का साधन बना रही है और भाजपा सरकार मंदिर को व्यापार व्यवसाय का केंद्र बना रही हैं.

> दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने जारी विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं और महाकाल निशुल्क आरती की सुविधा पहले भी थी और अभी भी है आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने बताया कि श्रद्धालु पहले से ऑनलाइन बुकिंग कर सके ताकि उन्हें आरती के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा ना करनी पड़े और वह सुगमता से दर्शन आरती का लाभ ले सके. महाकाल प्रबंध समिति ने यह कदम पारदर्शिता और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है.

### हादसे में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया

**रतलाम.** डायल-112 सेवा ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया. जिले के जावरा औद्योगिक क्षेत्र में 20 फरवरी को हसन पालिया रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक और एक बालक घायल हो गए. घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को मिली, जिसके बाद तुरंत एफआरवी वाहन को रवाना किया गया. डायल-112 स्टाफ आरक्षक चंद्रपाल सिंह और पायलट मंगलेश्वर सूर्यवंशी मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए दोनों घायलों को शासकीय चिकित्सालय जावरा पहुँचाया.

# भोपाल से पुणे-गाजीपुर सिटी होली स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 21 फरवरी. आगामी होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु मध्य रेल द्वारा पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. गाड़ी संख्या `1431 पुणे से गाजीपुर सिटी के लिए 24 एवं 27 फरवरी और 3 एवं 6 मार्च 226 को सुबह 6:4 बजे पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी.**

यह इटारसी 21:00 बजे, पिपरिया 22:10 बजे, नरसिंहपुर 23:05 बजे, मदनमहल 00:40 बजे, कटनी 02:45 बजे, मैहर 04:10 बजे और सतना 06:00 बजे होते हुए रात 19:05 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 01432 गाजीपुर सिटी से पुणे के लिए 26 फरवरी, 01, 05 एवं 08 मार्च 2026 को सुबह 04:20 बजे प्रस्थान करेगी. मार्ग में सतना 17:25 बजे, मैहर 17:58 बजे, कटनी 18:50 बजे, मदनमहल 20:25 बजे, नरसिंहपुर 21:43 बजे, पिपरिया 00:18 बजे, इटारसी 01:50 बजे होते हुए शाम 16:20 बजे पुणे पहुंचेगी.



ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे, जिनमें 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान, 4 सामान्य और 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं.

रास्ते के मुख्य स्टेशनों में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन, कोपरगाँव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंड़िहार जंक्शन शामिल हैं. यात्रियों को सलाह दी जाती है कि यात्रा से पूर्व स्टेशन, एनटीईएस या रेलवे की वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त करें.

### फर्जी रेल कॉल से सावधान रहें

भोपाल. हाल ही में रेलवे प्रशासन ने सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि कुछ लोगों द्वारा रेलवे अधिकारियों के नाम से फर्जी फोन कॉल किए जा रहे हैं. इन कॉल्स में कर्मचारियों से बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, पिन और अन्य व्यक्तिगत जानकारी मांगी जा रही है. रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अधिकारी या विभाग द्वारा फोन पर बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगा जाता. अत: कर्मचारी और पेंशनर्स ऐसे कॉल पर अपनी जानकारी साझा न करें. सत्यापन के लिए संबंधित कार्यालय या बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें. किसी भी परिस्थिति में फोन पर बैंक डिटेल्स, पिन, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें.

**प्रेसवार्ता** कांग्रेस 24 से करेगी आंदोलन, राजधानी से होगी शुरुआत

# अमेरिका ट्रेड डील को बताया किसान विरोधी




**भोपाल, 21 फरवरी 2026. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ गंभीर आपत्ति जताई और 24 फरवरी से भोपाल से किसान आंदोलन की शुरुआत करने की घोषणा की.**

प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ट्रेड डील को देश और किसानों के हितों के खिलाफ करार दिया. हरीश चौधरी ने कहा कि अमेरिका द्वारा अतीत में भारत पर खाद्यान्न आपूर्ति रोकने से देश की स्थिति खराब हुई थी. उन्होंने चेतावनी दी कि प्रस्तावित डील से देश के किसानों और छोटे व्यापारियों पर गंभीर असर पड़ेगा. सोयाबीन और कपास आयात से भारतीय किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. चौधरी ने इसे भारत द्वारा अमेरिका के सामने 'सरेंडर' बताया और कहा कि कांग्रेस इस डील को ऐतिहासिक दबावों के तहत किया गया मानती है. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भारत की कृषि स्वतंत्रता पर लगातार चोट हो रही है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधे हमला करते हुए कहा कि उन्होंने देश के किसानों को अमेरिका के हाथों बेच दिया.

> उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश का किसान चुप नहीं बैठेगा और 24 फरवरी को भोपाल में किसान महापंचायत से आंदोलन की शुरुआत होगी. इस महापंचायत में राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल होंगे. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह डील देशहित में नहीं है और इसके पीछे कई संदिग्ध पहलू हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि अमेरिका में बने उत्पाद भारत में बेचने की तैयारी की जा रही है, जबकि भारतीय किसान अभी सम्पन्न नहीं हुआ है. उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस विधानसभा में भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी. कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि किसान सम्मान निधि के तहत देश और प्रदेश के किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि डील अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंचाने की दिशा में है. पार्टी ने कहा कि यह आंदोलन सड़क से सदन तक जारी रहेगा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा.

## पेज एक का शेष

# एसआईआर : मप्र में 34 लाख नाम हटे

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है.

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने संबंधी जानकारी साझा भी की.

**एसआईआर: मप्र में 34 लाख नाम हटे**

की. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी. ये प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में की गई. मतदाता सूची में नाम शामिल करने , विलोपित करने और संशोधित करने संबंधी दावे और आपत्ति लेने के लिए 23 दिसंबर 2027 से 22 जनवरी तक का समय तय किया गया था. चुनाव अधिकारियों ने 14 फरवरी तक दावे आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया. प्रदेश के 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 मतदाताओं से से 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 989 मतदाताओं ने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को दिए. इस दौरान बीएलओ ने घर-घर जाकर सर्वे किया, जिसके चलते दिवंगत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं की पहचान की गई.

**दावे आपत्ति के बाद 8 लाख 49 हजार 82 मतदाता और बढ़े:** प्रदेश में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 थी, वहीं प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद ये सूची घटकर 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 तक सीमित होकर रह गई. इस तरह इसमें 42 लाख 74 हजार 160 वोटरों के नाम शामिल नहीं हुए. ऐसे में वोटरों को नाम शामिल करने के लिए दावे- आपत्ति के माध्यम से फिर मौका दिया गया.